**संख्या- 336 /2025/ 3400 /चार-2025-1992373**

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

**संस्कृति अनुभाग**: **लखनऊ: दिनांक: 02 दिसम्बर, 2025**

विषय:- बाबासाहेब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दिनांक 06 दिसम्बर, 2025 को 'सुर श्रद्धांजलि' कार्यक्रम के आयोजन की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 3333/सं0नि0-15(100)/2025-26, दिनांक 21 नवम्बर, 2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा डॉ0 भीमराव आम्बेडकर मेमोरियल, गोमती नगर, लखनऊ तथा बाबासाहेब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं डॉ0 भीमराव आम्बेडकर महासभा लखनऊ के आयोजन में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय तथा कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं पर होने वाले अनुमानित व्यय का विवरण निम्नवत् उपलब्ध कराया गया है:-

| **क्र.** | विवरण | धनराशि (लाख रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों के मानदेय पर होने वाला व्यय | 18.00 |
| 2 | बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में होने वाले व्यय | 4.00 |
| 3 | सांस्कृतिक प्रस्तुति हेतु मंच निर्माण, कुर्सी सोफा इत्यादि पर व्यय | 15.00 |
| 4 | कार्यक्रम में प्रचार-प्रसार होर्डिंग, स्टैण्डी, बैकड्राप इत्यादि पर व्यय | 4.50 |
| 5 | कलाकारों के आवास/ भोजन पर व्यय | 6.50 |
| 6 | कलाकारों के स्थानीय यातायात पर व्यय | 1.80 |
| 7 | कार्यक्रम के अभिलेखीकरण, बैक स्टेज इत्यादि पर व्यय | 3.50 |
| | कुल योग **(रू0 तिरपन लाख तीस हजार मात्र)** | **53.30** |

उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार तथा कलाकारों के आवास/ भोजन तथा स्थानीय यातायात निदेशालय में करायी गयी निविदा की अनुमोदित दरों पर तथा मंच निर्माण, प्रचार-प्रसार इत्यादि से संबंधित कार्य विभाग द्वारा दीपोत्सव-2025 हेतु करायी गयी निविदा की अनुमोदित दरों पर कराया जाना प्रस्तावित किया गया है।

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाबासाहेब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दिनांक 06 दिसम्बर, 2025 को 'सुर श्रद्धांजलि' कार्यक्रमों- बाबासाहेब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 भीमराव आम्बेडकर मेमोरियल, गोमती नगर, लखनऊ तथा भारतरत्न बोधिसत्व बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर महासभा, लखनऊ के आयोजन में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर होने वाले व्यय **रू0 53.30 लाख (रूपये तिरपन लाख तीस हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
(3) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।
(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।
(5) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।
(7) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।
(8) संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि को संस्थान के बैंक खाते में समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।
(9) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अत: बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।
(10) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान सं0-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-13-आजादी का अमृत काल महोत्सव-42 अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in